**खबर संक्षेप**

### पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारियों की समीक्षा बैठक संपन्न

**छिन्दवाड़ा।** कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.एच.जी.एस.पक्षवार द्वारा आज जिले के सभी विकासखण्डों के पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा करने के साथ ही कलेक्टर श्री सिंह द्वारा प्री-ए.पी.सी. की बैठक में दिये गये निर्देशों के अनुसार एक सप्ताह में एन.एल.एम., युवा संवाद व अन्य विभागीय योजनाओं में लक्ष्य पूर्ति करने के निर्देश दिये गये। उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डॉ.पक्षवार ने बताया कि बैठक में सभी पशु चिकित्सा विस्तार अधिकारियों को निर्देश दिये गये कि एन.एल.एम., युवा संवाद, पशु उपचार, एफ.एम.डी. टीकाकरण, चलित पशु चिकित्सा इकाई, विभागीय योजनायें, गौ-शाला, पशु बीमा, लम्पी स्किन डिसीज, गौ-सेवक योजना, मैत्री योजना, सेक्स्ड सॉर्टेड सीमन, दुग्ध समितियों का गठन, ऑनलाइन सी.आर., दुधारू पशु प्रदाय योजना आदि में एक सप्ताह में लक्ष्य की पूर्ति करें। बैठक में सहायक संचालक डॉ. एम.के.मौर्य, डॉ.प्राची चड्ढा, डॉ.बी.आर. सलेवार, डॉ.केतन पाण्डे, डॉ.उषा क्षत्री, डॉ.रविन्द्र नागले, डॉ. पंकज माहोरे, डॉ.आर.एस. सिंह, डॉ.छत्रपाल टांडेकर, डॉ.योगेश सेमिल, डॉ.के.एस.धुर्वे, डॉ.लोकेश बेलवंशी, डॉ.शैलेन्द्र ठाकुर, डॉ.नेहा साहू, डॉ.प्रियंका मर्सकोले, डॉ.जितेन्द्र बघेल और डॉ. मयंक परवारी उपस्थित थे।

### गंभीर हालत में जिला अस्पताल में किया गया भर्ती, अस्पताल की लापरवाही भी शर्मनाक

# युवक ने डेढ़ साल की मासूम से किया दुराचार



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिन्दवाड़ा**

जिले में मानवता को शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई। जिसमें हर्रई थाना के एक गांव में एक डेढ़ साल की मासूम बच्ची को 25 साल के युवक ने हवस का शिकार बना लिया। परिजन इस घटना से उबर नहीं पाए थे कि जिला अस्पताल में बच्ची के इलाज के लिए उन्हें घंटों भटकना पड़ा। हर्रई थाना क्षेत्र के एक गांव में मानवता को शर्मसार करती एक घटना सामने आई है। जिसमें एक डेढ़ साल की मासूम बच्ची के साथ 25 साल के युवक ने दुष्कर्म किया है। उस पर रही सही कसर जिला अस्पताल प्रबंधन ने पूरी कर दी। घटना के बाद जब गंभीर हालत में बच्ची को सुबह 6:00 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया गया तो दोपहर 12:00 बजे तक उसका उपचार तक शुरू नहीं किया जा सका था। मिली जानकारी के अनुसार बटका खापा क्षेत्र के गांव में सिंगोड़ी के आसपास के क्षेत्र से बुधवार को बारात गई थी। रात में जब सभी घराती बराती विवाह संस्कार में व्यस्त थे। तभी रात लगभग 3 बजे छिंदवाड़ा निवासी 25 वर्षीय आरोपी ने घर में सो रही डेढ़ साल की मासूम बच्ची के साथ दुष्कर्म करने का प्रयास करने लगा। बच्ची के रोने बिलखने पर जब उसकी नानी कमरे में पहुंची तो आरोपी वहां से भाग निकला। बुजुर्ग महिला ने देखा की बच्ची के शरीर से बहुत ज्यादा रक्त बह रहा है और वह बहुत बिलख रही है। यह बात ग्रामीणों को पता चलते ही रिश्तेदारों और ग्रामीणों ने आरोपी को दबोच लिया और पुलिस को इसकी सूचना दी। लेकिन जब तक 100 डायल वहां पहुंचती तब तक परिजन बच्ची को लेकर हर्रई थाने पहुंच गए थे। इस मामले में पुलिस ने आरोपी के खिलाफ प्राथमिक की दर्ज कर ली है। वहीं बच्ची को गंभीर हालत में छिंदवाड़ा रेफर किया गया है।

#### इलाज के लिए परिजन करते रहे इंतजार

जिले में मेडिकल कॉलेज खुल गया है और जिला अस्पताल पहले से बेहतर सुविधाओं के साथ सुसज्जित हो गया है। लेकिन इलाज के नाम पर आज भी जिला अस्पताल में वही पुराना ढर्रा चल रहा है। सैकड़ो डॉक्टर होने के बाद भी लोगों को इलाज के लिए घंटो इंतजार करना पड़ता है। एक डेढ़ साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की वारदात के बाद जब बच्ची को सुबह 6:00 बजे जिला अस्पताल पहुंचाया गया तो उसका उपचार 12:00 बजे तक शुरू नहीं हो पाया था। बच्ची के परिजनों ने जिला अस्पताल की लापरवाही को उजागर करते हुए आरोप लगाया है कि सुबह 6:00 बजे वह जिला अस्पताल पहुंच गए थे लेकिन दोपहर 12:00 तक बच्ची का इलाज शुरू नहीं किया जा सका था। हालांकि दोपहर के बाद मासूम का इलाज शुरू हुआ है।जिला अस्पताल में इस तरह की लापरवाही आए दिन उजागर हो रही है।




#### आरोपी को दबोचकर पुलिस को सौंपा

वारदात को अंजाम देकर भाग रहे आरोपों को ग्रामीणों ने लगभग 2 किलोमीटर पीछा कर पकड़ा। और उसे गांव में लाकर एक कमरे में बंद कर दिया। इस बात की सूचना के बाद जब पुलिस गांव में पहुंची तो ग्रामीणों ने पुलिस को पूरी जानकारी देते हुए आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया है। हालांकि तब तक बच्ची के परिजन गंभीर हालत में उसे लेकर हर्रई तक पहुंच गए थे जहां थाने में शिकायत के बाद बच्ची का उपचार हर्रई अस्पताल में कराया गया।

### किसान ने की 30000 की तुअर चोरी होने की शिकायत

## पेटी व्यापारियों पर लग रहा चोरी की फसल खरीदने का आरोप



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर**

एक ओर क्षेत्र में हो रही तेज बारिश ओलावृष्टि आंधी तूफान के कारण एक और जहां किसान परेशान है वहीं दूसरी और अब खेतों में रखी हुई फैसलो पर चोरों के द्वाराहाथ सफाई की जा रही है।जिसके कारण किसान और दुखी होता जा रहा है। मिली जानकारी के अनुसार इन दोनों पीपला नारायणवार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्र के खेतों से निरंतर चोरों के द्वारा कोठे खेतो में रखी हुई फसलों पर हाथ सफाई की जा रही है।

हाल ही में पीपलानारायणवार पंढरी खेत से हुई तुअर चोरी हुई है।ग्राम पंढरी के किसान प्रविण माहेश्वरी के खेत के कोठे मे रखी तुअर के ५ बोरे पर चोरो ने किया हाथ साफ कर दिया है। वहीएक बोरी थोडी दुर सड़क के किनारे फेक दी है। किसान प्रविण माहेश्वरी ने बताया की किसान रात दिन कड़ी मेहनत करते हुए फसल का उत्पादन करते हैं। क्षेत्र मे दो महिने में एक दर्जन से अधिक किसानों के खेत से चोरी की घटना हुई है।

क्षेत्र के खेतों में चोरी का माल खरीदने वाले पेठी व्यापारी बड़े पैमाने पर संक्रिय है। बोरे तुवल चोरी हुई जिसका लगभग 30000 हजार रुपये है। वर्तमान में 11000 चल रहा है। 3 क्विंटल से अधिक की तुवल चोरी हुई है। किसानों के द्वारा प्रशासन से खेतों से चोरों ओर जहां फसल बेची जा रही है उन पर कार्रवाई करने की मांग की जा रही है।

# चार वाहनों से लिया गया 54 हजार रूपये का जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा दिये गये निर्देशों के परिपालन में परिवहन विभाग के जांच दल द्वारा आज पांढुर्णा-नागपुर मार्ग पर सभी वाहनों की बारीकी से जांच में सवारी बसों, ऑटो रिक्शा व सभी प्रकार के यात्री वाहनों सहित अन्य सभी छोटे-बड़े वाहनों के सभी दस्तावेजों जैसे वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा, प्रदूषण प्रमाण पत्र, वैध लाइसेंस आदि की जाँच की गई। साथ ही जाँच के दौरान वाहनों में सुरक्षा संबंधी उपकरण जैसे अग्नि शमन यंत्र, फर्स्ट एड बॉक्स, आपातकालीन द्वार आदि की जांच भी की गई। जिन वाहनों में कमियां पाई गई ऐसे वाहनों पर चालानी कार्यवाही की गई।

अतिरिक्त क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी श्री मनोज तेहनगुरिया ने बताया कि पांढुर्णा-नागपुर मार्ग पर वाहनों की चैकिंग की जानकारी मिलने पर वाहन चालकों में हड़कंप मच गया और उन्होंने अपने रास्ते को बदल लिया। मोटरयान अधिनियम का उल्लंघन करने पर 4 वाहनों से 54000 रूपये का जुर्माना लिया गया। वाहन संचालकों को समय-समय पर मीटिंग लेकर समझाईश दी गई कि मोटरयान अधिनियम 1988 के प्रावधानों का उल्लंघन पाये जाने पर विधि अनुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी तथा यात्री बसों के संबंध में उन पर आच्छादित अनुज्ञा पत्र को निरस्त करने की कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने बताया कि माननीय उच्च न्यायालय जबलपुर के आदेशानुसार हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट के संबंध में भी जांच की जा रही है और हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट नहीं लगवाने वाले 2 वाहनों पर भी चालानी कार्यवाही करते हुये 1000 रूपये का शुल्क वसूल किया गया। उन्होंने सभी वाहन स्वामियों को हिदायत दी है कि वे सभी अपने-अपने वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अतिशीघ्र लगवा लें और मोटरयान अधिनियम 1988 के सभी प्रावधानों का पालन करें।

### आंधी, तूफान, ओलावृष्टि से जनजीवन अस्त व्यस्त

**जोबनी सिलोरा,कोपरवाड़ी खुर्द में सबसे अधिक हानि, मुआवजे के लिए पीड़ित किसान कर रहे हैं ज्ञापन से मांग**



**हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर**

सौसर क्षेत्र के ग्रामीण भागों में बे मौसम हो रही बारिश तेज आंधी तूफान फसलों एवं संपत्ति को नुकसान पहुंचा रहे हैं।लगातार दो दिनों से शाम के समय हो रहे बारिश और आंधी तूफान के कारण रामाकोना क्षेत्र के कई गांव में किसानों को भारी नुकसान उठाने पड़ रहा है। बीती रात कहान पीपला में 15 बकरियां एवं एक गाय की बिजली गिरने के कारण मौत हो गई थी। इसके अलावा आंधी तूफान के कारण खेतों में बोई हुई फसलों के साथ संतरे के पेड़ों बिजली के खम्बो को भारी नुकसान हो रहा है। ग्राम कोपरावाड़ी खुर्द, सिलोरा,नांदेपुर, जोबनी एवं अन्य समीपस्थ्य ग्रामों में अति ओलावृष्टि एवं तेज हवाओं से ग्रामीणजनों के मकानों को भारी नुकसान हुआ है। बिजली के खंभे एवं बड़े-बड़े पेड़ तेज हवाओं के कारण रोड पर गिर गए। जिसके चलते आवागमन भी बाधित हो रहा है। किसानों ग्रामीणों के द्वारा प्रशासन एवं सरकार से क्षतिग्रस्त फसलों मकानों का सर्वे कर मुआवजे की मांग की जा रही है।

#### सिलोरा, जोबनी, घोघरी में हुआ भारी नुकसान

बिजली गुलआंधी तूफान ओलावृष्टि के कारण ग्राम पंचायत जोबनी के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिलोरा जोबनी गोघरी खापा में भी भारी नुकसान होने की जानकारी प्राप्त हुई है। ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती अनुभाई धुर्वे, पतीराम धुर्वे ने एसडीएम सौसर के नाम ज्ञापन सोपते हुए ग्रामों की समस्या से अवगत किया।श्री धुर्वे बताया कि ग्राम पंचायत जोबनी के अंतर्गत आने वाले गांव में ओलावृष्टि आंधी तूफान के कारण 50 से अधिक मकानो की छठे क्षतिग्रस्त हो गई है। साथ ही घरों की दीवारों में दरारें आ गई। ग्राम नादेपुर,घोघरी रामपेठ से लेकर तो ग्राम सिलोरा तक 40 से 50 विद्युत पोल एवं क्षतिग्रस्त होकर गिर गए हैं। जिसकी चलते विद्युत सप्लाई पूरी तरीके से बंद हो गई है. गुरुवार को भी लगभग 10 घंटे तक इस क्षेत्र में बिजली के कारण ग्रामीणों को परेशान होना पड़ा है। बिजली के पोल क्षतिग्रस्त होने बिजली गुल होने के कारण ग्रामीणों के मोबाइल भी चार्ज नहीं हो पा रहे हैं। ग्रामीणों के द्वारा मध्य प्रदेश विद्युत वितरण कंपनी के सहायक यांत्रिक को भी बिजली की समस्या को लेकर ज्ञापन सोपा गया है।



**ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर विधायक चौरे ने सुनी समस्याएं:** ग्राम पंचायत जोबनी, रामपेठ रामाकोना क्षेत्र में आंधी तूफान बिजली ओलावृष्टि के कारण हुए नुकसान की जानकारी मिलने के बाद गुरुवार को विधायक विजय चौरे ने ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर क्षतिग्रस्त फसलों,कोठे,मकान, आदि का निरीक्षण करते हुए ग्रामीणों की समस्याओं को सुना है।विधायक श्री चौरे ने ग्राम कोपरावाड़ी खुर्द, सिलोरा,नांदेपुर,जोबनी मैं पहुंचकर फसल नुकसानी क्षतिग्रस्त मकान मृत जानवरों के संबंध में जानकारी जताते हुए किसानों ग्रामीनो से चर्चा की। इस दौरान विधायक विजय चौरे के द्वारा मौके से हीसौसर एसडीएम तहसीलदार पटवारी से दूरभाष पर चर्चा कर जिनकी अति ओला वृष्टि एवं तेज हवाओं से फसलों एवं मकानों को नुकसान पहुंचा है, तत्काल सर्वे कराकर उचित मुआवजा राशि सुनिश्चित करने हेतु निर्देशित किया है। चर्चा के दौरान श्री चौरे ने बताया ओलावृष्टि के कारण सौसर क्षेत्र के ग्रामीण भागों में बड़े पैमाने पर फसल बर्बाद हुई है।संतरे के पेड़ जमीन पर आ गए है।किसानों के कोठे एवं मकान की छते उड़ गई है। दीवारें में दरारें आ गई है। ग्रामीण एवं किसान भाइयों की इस मुसीबत और पीड़ा के समय पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ सांसद नकुलनाथ ओर मैं आपके साथ खड़ा हूं।

#### ननि ने की सिंगल यूज प्लास्टिक एवं अमानक प्लास्टिक पर कार्यवाही



**छिंदवाड़ा।** नगर निगम आयुक्त श्री चंद्रप्रकाश राय के निर्देश पर निगम के स्वास्थ्य अमले द्वारा अमानक प्लास्टिक एवं सिंगल यूज प्लास्टिक पर कार्यवाही की जा रही है। लागतार पांचवे दिन कार्यवाही करते हुए सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त किया। गुरुवार को एक माल वाहक वाहन सिंगल यूज प्लास्टिक का परिवहन करते हुए नागपुर रोड से जा रहा था तभी निगम के स्वास्थ्य अमले ने इस वाहन को रोक कर सिंगल यूज प्लास्टिक को जप्त किया। इसके साथ ही संबंधित पर 2500 रुपए का चालान भी किया गया। इस कार्यवाही में स्वच्छता निरीक्षक अरुण कुमार गढ़ेवाल, जोन प्रभारी रामवृक्ष यादव एवं सुनील मालवी सहित मीत पवार शामिल रहे।

### सीएम राईज स्कूल गुरैया में विद्यार्थियों का रहा उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

माध्यमिक शिक्षा मण्डल, म.प्र. भोपाल द्वारा संचालित हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी परीक्षा सत्र 2023-24 का परीक्षा परिणाम गत दिवस मण्डल द्वारा घोषित कर दिया गया गया है। इन परीक्षाओं में सीएम राईज स्कूल गुरैया का मण्डल हाईस्कूल परीक्षा कक्षा 10वीं का परीक्षा परिणाम 72.80 प्रतिशत रहा, जबकि हायर सेकेंडरी परीक्षा कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय का परीक्षा परिणाम 89 प्रतिशत रहा।

सीएम राईज स्कूल गुरैया के प्राचार्य श्री अब्दुल हक खान ने बताया कि विद्यालय में हायर सेकेण्डरी परीक्षा कक्षा 12वीं में विज्ञान संकाय में 38 विद्यार्थी सम्मिलित हुये जिसमें से प्रथम श्रेणी में 23, द्वितीय श्रेणी में 10 व तृतीय श्रेणी में एक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुआ। इसी प्रकार कला व वाणिज्य संकाय की परीक्षा में 53 विद्यार्थी सम्मिलित हुये जिसमें से प्रथम श्रेणी में 8 व द्वितीय श्रेणी में 14 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुये। इसी प्रकार हाई स्कूल परीक्षा कक्षा 10वीं में कुल 107 विद्यार्थी सम्मिलित हुये जिसमें से प्रथम श्रेणी में 46, द्वितीय श्रेणी में 31 और तृतीय श्रेणी में एक विद्यार्थी उत्तीर्ण हुआ। उन्होंने विद्यार्थियों का अभिनन्दन करते हुये उन्हें भविष्य में अपना लक्ष्य प्राप्त करने के संबंध में मार्गदर्शन दिया।

#### तनुश्री ने जिले व समाज का किया नाम रोशन

म.प्र.माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी परीक्षा कक्षा 12वीं में शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाड़ा में कृषि संकाय में अध्ययनरत कुमारी तनुश्री शिवा पिता दुर्गेश शिवा ने 500 में से 471 अंक अर्थात 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर प्रदेश की मेरिट सूची में चौथा स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव बढ़ाने के साथ ही समाज का नाम भी रोशन किया है। इस सफलता पर शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिन्दवाड़ा के प्राचार्य श्री अवधूत काले के साथ ही कतिया समाज के पदाधिकारियों सर्वश्री महेन्द्र कुमार नागवंशी छात्रा को शुभकामनाएं दी।

## 4 लोक सेवा केन्द्र के संचालकों पर 22 हजार रूपये का जुर्माना

**कलेक्टर ने निरीक्षण के दौरान पाई विभिन्न अनियमितताएं**

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा**

कलेक्टर शीलेन्द्र सिंह द्वारा म.प्र.लोक सेवाओं के प्रदाय की गारंटी अधिनियम 2010 के अंतर्गत लोक सेवा केन्द्र छिन्दवाड़ा (नगरीय), छिन्दवाड़ा (ग्रामीण), बिछुआ और मोहखेड़ के निरीक्षण के दौरान विभिन्न अनियमितता पाये जाने पर संबंधित लोक सेवा केन्द्र के संचालकों को 22 हजार रूपये की शास्ति अधिरोपित करते हुये जुर्माने से दंडित किया गया है तथा 3 दिवस के भीतर जुर्माने की राशि संबंधित बैंक खाते में जमा कर पावती उपलब्ध कराना सुनिश्चित करने के निर्देश दिये गये हैं। साथ ही यह चेतावनी भी दी गई है कि भविष्य में लोक सेवा केन्द्र के संचालन में किसी भी प्रकार की अनियमितता और लापरवाही पाये जाने पर संबंधित के विरूध्द अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाकर अनुबंध समाप्त कर दिया जायेगा।

कलेक्टर श्री सिंह ने बताया कि लोक सेवा केन्द्र के निरीक्षण के दौरान छिन्दवाड़ा (नगरीय) लोक सेवा केन्द में पुरूष कर्मचारी के निर्धारित ड्रेस कोड में नहीं पाये जाने और आर.एफ.पी.एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-डी का उल्लंघन करने पर लोक सेवा केन्द्र संचालक श्रीमती अर्चना गुप्ता को 500 रूपये, छिन्दवाड़ा (ग्रामीण) लोक सेवा कन्द्र में साफ-सफाई, नागरिकों के लिये पेयजल व शौचालय की व्यवस्था नहीं पाये जाने और आर.एफ.पी.एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-डब्ल्यू-8 का उल्लंघन करने और लोक सेवा केन्द्र में आर.एफ.पी. में दिये निर्देशों के अनुसार बायोमेट्रिक अटेंडेंस व बिजली जाने पर जनरेटर/यूपीएस/बैटरी की व्यवस्था नहीं किये जाने और आर.एफ.पी. एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-एच का उल्लंघन करने पर लोक सेवा केन्द्र संचालक श्री निलेश कुमार नेमा को क्रमशः 500 रूपये व 5 हजार रूपये, बिछुआ लोक सेवा केन्द्र में बी कैटेगिरी के लिये कम से कम 3 कर्मचारियों की नियुक्ति के स्थान पर सिर्फ 2 कर्मचारी नियुक्त कर आर.एफ.पी. एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-बी का उल्लंघन करने, लोक सेवा केन्द्र में साफ-सफाई, नागरिकों के लिये पेयजल व शौचालय की व्यवस्था नहीं पाये जाने और आर.एफ.पी.एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-डब्ल्यू-8 का उल्लंघन करने पर और लोक सेवा केन्द्र में आर.एफ.पी. में दिये निर्देशों के अनुसार बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम नहीं पाये जाने और आर.एफ.पी. एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-ए का उल्लंघन करने पर लोक सेवा केन्द्र संचालक श्री जितेन्द्र काले को क्रमशः 5 हजार रूपये, 500 रूपये व 5 हजार रूपये तथा मोहखेड़ के लोक सेवा केन्द्र में आर.एफ.पी. में दिये निर्देशों के अनुसार बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम नहीं पाये जाने व आर.एफ.पी. एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-ए का उल्लंघन पाये जाने और स्वान के अतिरिक्त इंटरनेट कनेक्शन की व्यवस्था नहीं करने व आर.एफ.पी. एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-एच का उल्लंघन करने एवं लोक सेवा केन्द्र में साफ-सफाई, नागरिकों के लिये पेयजल व शौचालय की व्यवस्था नहीं पाये जाने और आर.एफ.पी.एनेक्सर-6 कंडिका-5 ए-डब्ल्यू-8 का उल्लंघन करने पर लोक सेवा केन्द्र संचालक श्री वीरेन्द्र कुमार डोले को क्रमशः 5 हजार रूपये व 500 रूपये के जुर्माने से दंडित किया गया है।

### छह माह से लगातार बह रहा पानी, गर्मी के दिनों में लोगों को आ रही परेशानी

# पाइप लाइन में लीकेज नहीं रुकी तो कांग्रेस करेगी आंदोलन

**हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया**

परासिया थाने के आसपास बीते लगभग 6 माह से लगातार पानी बह रहा है। नगर पालिका की तरफ से इसको रोकथाम के लिए किए गए सारे प्रयास नाकाम हो गए। अब इस समस्या को रोकने को लेकर कांग्रेसियों ने नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह के नेतृत्व में एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर कर लीकेज रोकने हेतु उचित कदम उठाए जाने की मांग की है और ऐसा नहीं होने पर आंदोलन की चेतावनी विधि।



शहर को पानी सप्लाई देने के लिए बिछाई गई पाइपलाइन लीकेज होने से थाना क्षेत्र के आसपास पूरे समय पानी बहता रहता है। जिसके चलते यहां फिसलन बन गई है। यहां से गुजरने वाले दोपहिया वाहन फिसल रहे हैं और दुर्घटनाएं हो रही हैं। इस क्षेत्र में स्थापित व्यापारियों और उनके यहां आने वाले ग्राहकों को खासी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नगर पालिका के द्वारा इस लीकेज को ठीक करने के लिए दो बार जेसीबी लगाकर नाली की खुदाई की गई।

पाइप लाइन का लीकेज को ढूंढ कर ठीक किया गया। बावजूद इसके समस्या जस की तस बनी हुई है। इस समस्या को लेकर कांग्रेस पार्षदों ने कई बार आवाज उठाई। नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर सिंह के नेतृत्व में ज्ञापन भी सौंपा गया, लेकिन समस्या का समाधान अब तक नहीं हो पाया। इस समस्या का सामना केवल व्यापारियों, जनसाधारण को ही नहीं करना पड़. रहा है, बल्कि पुलिस को भी इस समस्या से होने वाली परेशानी को भोगना पड़.रहा है। नेता प्रतिपक्ष वीर बहादुर ने बताया कि इस मामले में एसडीएम पुष्पेंद्र निगम की ज्ञापन सोपा गया है और तीन दिनों के भीतर यदि यह लीकेज नहीं सुधरा गया और पानी बहने की समस्या हल नहीं हुई तो उग्र आंदोलन किया जाएगा।

## रंगारी सापर की शराब दुकान हटाने सौंपा ज्ञापन

# प्रशासन की नाक के नीचे क्षेत्र के वार्डों में बिक रही अवैध शराब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

नगर के वार्डों में बिक्री अवैध रूप से शराब को लेकर वार्ड वासियों के द्वारा लगातार शिकायती की जा रही है। बावजूद इसके संबंधित विभाग के द्वारा अवैध शराब बिक्री पर किसी प्रकार की कोई ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। कार्यवाही के अभाव में अवैध रूप से शराब बेचने वालों के हौसले बुलंद हो गए हैं। सौसर नगर के वार्ड नंबर 2,3,4 नागरिकों ने वार्ड में बिक रही अवैध शराब के खिलाफ सौसर थाने में पहुंचकर गुरुवार को ज्ञापन सौंपते हुए कार्रवाई करने की मांग की है। इसके पूर्व भी वार्ड वासियों के द्वारा अवैध ओर खुले रूप से वार्डों में 24 घंटे गली कूचे में बिक रही शराब को लेकर शिकायतें की जा चुकी है।



**रंगारी के ग्रामीण शराब दुकान के खिलाफ हुए लामबंदः** कन्हान क्षेत्र के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत रंगारी सापर के ग्रामीणों ने भी सौसर एसडीएम कार्यालय में पहुंचकर एसडीएम सिद्धार्थ पटेल को रंगारी सापर गांव में संचालित शराब की दुकान को बंद करने की मांग को लेकर ज्ञापन सोपा है।ग्रामीण नितेश ठाकरे, रवि परतेति ने बताया कि हाल ही में स्वीकृत हुई शराब दुकान यह रंगारी सापर ग्राम की आबादी से लगी हुई है।जहां पर वर्तमान में शराब दुकान संचालित की जा रही है। वहां से प्रतिदिन सुबह से लेकर देर रात तक महिलाओं, स्कूली छात्र-छात्राओं, बच्चों, बुजुर्गों का आवागमन उठक बैठक रहती है। यहां पर शराब की दुकान संचालित होने के चलते स्कूली छात्र-छात्र और खासतौर पर महिलाओं को आवागमन में दिक्कत और विवाद की स्थितिया उत्पन्न होगी। भविष्य में किसी प्रकार की कोई अप्रिय घटना घटित ना हो इसलिए सुकृति हुई शराब दुकान को गाव के बाहर किया जाना चाहिए। इस दौरान ग्रामीण गजानन राउत, प्रदीप ठाकरे, सुरेंद्र चटक, कृष्णा कडू, विजय मंडे अनिल महाजन आदि ग्रामीण उपस्थित थे।

## सम्मानित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम के 111 प्रतिभागी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



तीर्थंकर महावीर भगवान के 2623 वें जन्म कल्याणक महोत्सव पर आयोजित समस्त अनुष्ठानों की सुंदर प्रस्तुति ने मंगल महोत्सव को यादगार बना दिया, विशेष रूप से श्री वीतराग विज्ञान पाठशाला एवं श्री उदार सागर पाठशाला सहित महिला मंडल द्वारा प्रस्तुत सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सुंदर प्रस्तुति ने सभी का मन मोह लिया, सकल जैन समाज द्वारा विगत 20 वर्षों से अनवरत रूप से मिलकर किए जा रहे सफल आयोजन से छिंदवाड़ा सकल जैन में साधर्मी वात्सल्य का वातावरण बना हुआ है जो जैन समाज की एकता का अनुकरणीय उदाहरण है। जिसकी पूरे देश में सराहना की जा रही है। बच्चों में जैन दर्शन के मुख्य सिद्धांतों सहित शाकाहार - सदाचार, जीव रक्षा एवं पर्यावरण संरक्षण का बीजारोपण करने के मुख्य उद्देश्य से मुमुक्षु मंडल एवं अखिल भारतीय जैन युवा फेडरेशन द्वारा स्वाध्याय भवन एवं नई आबादी गांधी गंज में वर्ष भर वीतराग विज्ञान पाठशाला का संचालन किया जाता हैं।

## ग्लोबल स्कूल के रोहन राय ने 92.2 प्रतिशत अंकों से पास की 12वीं

**परासिया :-** परासिया के ग्लोबल इनोवेशन स्कूल के छात्र रोहन पिता बबलू राय ने 12वीं गणित संकाय की परीक्षा 92.2% अंको से उत्तीर्ण की । स्कूल के 12वीं कक्षा गणित संकाय के 25 छात्र प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए । वहीं कक्षा दसवीं की सलोनी पिता रमेश मौर्य ने 90% अंकों के साथ 10 परीक्षा उत्तीर्ण की । इस कक्षा के 25 छात्रों ने प्रथम स्थान और 16 छात्रों में द्वितीय स्थान प्राप्त किया है । स्कूल की संचालिका मंजू ओमप्रकाश जोशी और राधा कन्हैया राजलानी ने इस उपलब्धि पर स्कूल के समस्त स्टाफ सहित छात्रों और उनके अभिभावकों को शुभकामनाएं प्रेषित की है ।

# आंधी तूफान और बारिश के कारण हुआ आम लोगों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमुआ

दमुआ में 23 अप्रैल 2024 को खराब मौसम के कारण आम जनमानस को बहुत नुकसान हुआ मौसम खराब होते ही आंधी तूफान हवा भी चलने लगी और पानी गिरने लगा एवं बर्फ पत्थर ओले भी गिरे बादल गरज के साथ ओले आवले के आकार ऑले गिरे लगभग एक-दो घंटे भारी बारिश हुई जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया भारी-भारी ऑल पत्थर गिरने के कारण लोगों को भारी नुकसान हुआ है और बिजली आपूर्ति सप्लाई बन्द रही बिजली का ठिकाना नहीं रहा रात के अंधेरे में लोगों का को रहना पड़ा आंधी तूफान आने से लोगों लोग हलकान हो गए कई लोगों को घबराहट पैदा हो गई भारी बारिश के चलते आम जनमानस को काफी दिक्कत और परेशानी भी उठानी पड़ी और भारी नुकसान भी हुआ और हवा धुंध चलने से कहीं झाड़ गिरे तो कहीं बिजली के खंबे भी गिरे हैं पाल पंडल डेकोरेशन भी लगे थे धराशाई हो गए और मकान की सिट भी उड़ गई इस तरह लोगों को भारी क्षती उठानी पड़ी भारी बारिश के चलते बड़ी 33 केवी की बड़ी लाइन में फाल्ट हो गया और दमुआ सहित पुराना दमुआ माइंस आसपास बिजली सप्लाई बाधित रही आंधी तूफान आने से बिजली पावर सप्लाई रात दिन से बंद पड़ी हुई है।

## घर-घर जाकर करें ई केवाईसी

**परासिया।** - जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्री खजूरी ने परासिया सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत संचालित उचित मूल्य दुकान संचालकों को घर - घर जाकर ई केवाईसी करने के निर्देश दिए ।गुरुवार को जिला खाद्य आपूर्ति अधिकारी श्री खजूरी में राशन दुकान संचालकों की बैठक ली ।जिसमें उन्होंने दुकान संचालकों के रजिस्टर आदि का अवलोकन किया ।वितरण व्यवस्था की समीक्षा की । श्री खजूरी ने बताया , कि मोबाइल सीडिंग में परासिया 97% और ई केवाईसी में 77% है । सभी दुकान संचालकों को घर-घर जाकर केवाईसी करने की निर्देश जारी किए गए हैं । साथ ही उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है , कि ई केवाईसी लिए पहुंचने वाले कर्मचारी का सहयोग करें एवं इस मौके पर घरों में उपस्थित रहें । बैठक में परासिया खाद्य अधिकारी सुमित चौधरी , राशन दुकान संचालक सुदीप दीक्षित , नितिन जायसवाल , राजेंद्र राय , प्रशांत सोनी , भोला बत्रा सहित अन्य राशन दुकानों के संचालक मौजूद रहे ।

## तनुश्री शिवा ने बढ़ाया छिंदवाड़ा का गौरव, कतिया समाज ने दी शुभकामनाएं



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेण्डरी 12 वीं की परीक्षा 2024 में महाकौशल विंध्य क्षेत्र जिला छिंदवाड़ा के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय छिंदवाड़ा में कृषि संकाय में अध्ययनरत कु. तनुश्री शिवा पिता दुर्गेश शिवा, प्रियदर्शिनी कालोनी छिंदवाड़ा में निवासरत हैं । इन्होनें 500 अंक में से 471 अंक प्राप्त कर टॉप टेन में 94 प्रतिशत अंक प्राप्त कर मध्यप्रदेश राज्य में 4 था स्थान प्राप्त कर जिले का गौरव को बढ़ाया को बढ़ाकर सममाज का नाम रोशन किया है । इन्होनें अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता व गुरूजनों को देकर, कठिन परिश्रम को महत्व दिया है । उनकी सफलता पर कतिया समाज जिला छिंदवाड़ा के अध्यक्ष महेन्द्र कुमार नागवंशी, उपाध्यक्ष गुरूदयाल बेलवंशी, संयोजक श्रीपत नायक, डॉ. शालिकराम बेलवंशी, कोषाध्यक्ष मिश्रा चंद्रपुरी, सचिव मोहन बेलंवशी सहित जिला कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारियों ने तनुश्री शिवा की उपलब्धी हेतु शुभकामनाएँ देकर इनके परिवारजनों सहित इनके उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

# जुन्नारदेव के सुनेन्द्र को मिली गणित विषय में पीएचडी की उपाधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

नगर के होनहार युवा, शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव के भूतपूर्व छात्र सुनेन्द्र शुक्ला ने गणित विषय में पीएचडी उपाधि प्राप्त की है। पीएचडी का शीर्षक ₹एनालिसिस ऑन द थर्मोफिजिकल प्रॉपर्टीज ऑफ़ वेरियस नेनोफ्लुइड्स₹ है। उन्होंने यह उपाधि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी), अरुणाचल प्रदेश से गाइड प्रोफेसर डॉ राम प्रकाश शर्मा, डिपार्टमेंट ऑफ़



मैकेनिकल इंजीनियरिंग के निर्देशन में प्राप्त की है। गौरतलब हो कि अपने शोध कार्य के दौरान इन्होंने आठ अंतरराष्ट्रीय शोध पत्र प्रकाशित किये है, साथ ही अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों में चार शोध पत्र प्रस्तुत किये है, इन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपनी माता मंजू शुक्ला, पिता स्वर्गीय ललित मोहन शुक्ला, अपने गुरु डॉ एसके शेण्डे, स्वर्गीय प्रोफेसर पीसी दुसाद एवं मित्र ललित साहू को दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर शासकीय महाविद्यालय जुन्नारदेव परिवार सहित नगर के जनप्रतिनिधि गणमान्य नागरिक एवं ईस्ट मित्रों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की है।



## मैनावाड़ी की जिया ने दसवीं में लगाया मेरिट

**परासिया :** कक्षा दसवीं और बारहवीं की परीक्षा परिणाम घोषित हो चुके। जिसमें बरारिया हाई स्कूल में पढ़ने वाली मैनावाड़ी निवासी शकील अंसारी की पुत्री जिया सरमिन ने दसवीं की परीक्षा 86.6 प्रतिशत अंको के साथ उत्तीर्ण की । जिन्हें स्कूल प्रबंधन और ग्राम के लोगों ने बधाई प्रेषित की है

## लांजी की बेटी भूमिका बिलघैया ने हासिल किया मध्यप्रदेश में 8वां रैंक



**लांजी।** माध्यमिक शिक्षा मण्डल मध्यप्रदेश भोपाल के द्वारा 24 अप्रैल को बारहवीं का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया है। जिसमें लांजी की बेटी भूमिका पिता यादोराव बिलघैया निवासी भिमोड़ी पो. ककोडी ने 96 प्रतिशत अंक प्राप्त कर पूरे मध्यप्रदेश में 8वॉ रैंक हासिल किया है। चर्चा के दौरान भूमिका ने बताया कि उसने बिना किसी कोचिंग, ट्यूशन की मदद से, केवल स्कूल में जो पढ़ाया गया और सेल्फ स्टडी की मदद से उसने यह मुकाम हासिल किया है आपको बता दे की भूमिका की एक बड़ी बहन डॉक्टर और दूसरी बड़ी बहन फार्मेसी की पढ़ाई कर रही है।

# कक्षा दसवीं और बारहवीं में विद्यार्थियों ने किया शानदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज कटंगी।



माध्यमिक शिक्षा मंडल ने गत दिवस कक्षा 05वीं, 08 वीं, 10 वीं और बारहवीं के परीक्षा परिणाम की घोषणा की है. इन परीक्षाओं में सरकारी और प्राइवेट संस्थानों के विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित की है. नगर के विवेकानंद इंग्लिश स्कूल के विद्यार्थियों ने बोर्ड परीक्षाओं में शानदार प्रदर्शन किया है. स्कूल प्रबंध संचालक चिराग शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि कक्षा 12 वीं में गणित संकाय की छात्रा अलवीरा मेमन ने 500 में 445 अंक हासिल किए. कॉमर्स संकाय की छात्रा आर्या तिवारी ने 418 और बायो में प्राची चौहान ने 412 अंक प्राप्त किए. कक्षा 10 वीं में श्रेया दुबे ने 500 में 466 चारु देशमुख ने 462 और धारणी पटले ने 461 अंक हासिल कर सफलता अर्जित की है. कक्षा आठवीं में अंश क्षीरसागर ने 600 में 567, गोल्डी पटले ने 562 और श्री ठाकरे ने 560 अंक प्राप्त किए. कक्षा पांचवी में हिमांशी चौधरी ने 400 में 388 समर्थ वशिष्ठ ने 383 और लब्धि जैन ने 382 अंक प्राप्त कर सफलता अर्जित की. इन विद्यार्थियों की शानदार सफलता पर संस्था प्रमुख लकेश शर्मा, प्राचार्य सुमन शर्मा एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं ने इन विद्यार्थियों के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

**शत-प्रतिशत रहा परीक्षा परिणामः** नगर के ही एक अन्य शैक्षणिक संस्था लिटिल फ्लावर स्कूल का कक्षा 5वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा. इस स्कूल के 35 विद्यार्थियों ने 05 वीं की परीक्षा दी थी. सभी 35 विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए. 3 विद्यार्थियों को ए प्लस, 21 को ए, 10 को बी प्लस, 1 को बी श्रेणी प्राप्त हुई है. संस्था के प्राचार्य चूड़ामन पटले ने यह जानकारी साझा की है.

**जराहमोहगांव संकुल में मरठे बहनों ने लहराया परचमः** विकासखंड कटंगी के जराहमोहगांव स्कूल में एक ही परिवार की तीन बहनों ने अलग-अलग कक्षाओं में शानदार अंक हासिल कर अपना परिवार को नाम पूरे संकुल में रोशन किया है. यह तीनों छबि कुमार मरठे की पुत्रियां है. छबि कुमार की पुत्री मेघा मरठे ने कक्षा पांचवीं में 89.25 प्रतिशत, मासूम मरठे ने कक्षा आठवीं में 85.05 प्रतिशत और ऐश्वर्या मरठे ने कक्षा दसवीं में 93 प्रतिशत अंक लाकर परीक्षा उत्तीर्ण की है. यह तीनों छात्राएं अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षक-शिक्षिकाओं को देते है. गुरुवार को जराहमोहगांव स्कूल में एक कार्यक्रम का आयोजन कर इन छात्राओं को प्राचार्य यू.एस.परते ने सम्मान किया. प्राचार्य ने बताया कि संकुल के टॉप टेन सूची में सुमित, टविकल, संजना, अंचल, दिशा, कल्याणी, प्रणाली, राकेश, आंचल खेमराज, खुशी, कृष्णा, तपेश, महक, कान्ता, और प्रियांशी ने स्थान प्राप्त किया है. इन विद्यार्थियों को शिक्षक डी.एस.चौहान, आर.के.राहंगडाले, जी.एन.शरणागत, बी.डी.लिल्हारे, श्रीमती के.डोंगरे, व्हीं. के. बिसेन, एन.के.राहंगडाले, के.के. कटरे, एस.सी.चौधरी, श्रीमती व्ही उरकुड़े, श्रीमती वर्षा ठाकरे, डी.पी.डहारे, विद्या राहंगडाले, देवेश पटले, भावना राणा, विजय भूरे, वर्षा बघेले, मुकेश चौधरी ने सम्मान किया. इन सभी छात्राओं के

## स्वास्थ्य परीक्षण शिविर हुआ सम्पन्न




**बालाघाट।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट में कक्षा पहली से बारहवी तक के बच्चों के लिये वृहद स्तर पर स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन विद्यालय के प्राचार्य श्री पंकज कुमार जैन के नेतृत्व में किया गया। यह शिविर 12, 15, 16, 22, 23 एवं 24 अप्रैल 2024 की तिथि में आयोजित किया गया। इस परीक्षण में हर तरह के परीक्षण किये गए जिसके अंतर्गत मेडिकल ऑफिसर डॉ. प्रमोद बिसेन, डॉ. सुनीता राहंगडाले, दंत रोग विशेषज्ञ डॉ. पालिनी प्रधान तथा डॉ. दिव्या रंगलानी द्वारा विद्यालय के बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया । स्वास्थ्य परीक्षण के दौरान कुछ बच्चों में कुछ एब्नार्मेलिटीज पायी गई। जिसके लिए डॉ. द्वारा जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र में निशुल्क इलाज हेतु कार्ड वितरित किए गए। इस प्रकार सफलतापूर्वक विद्यालय में स्वास्थ्य परीक्षण 24 अप्रैल को सम्पन्न हुआ। इसी तारतम्य में स्वास्थ्य परीक्षण के अंतिम दिन राज्य स्तरीय स्वास्थ्य परीक्षण टीम जिनमे डॉ. शैलेष शर्मा (एपीएमआरबीएसके भोपाल), डॉ. राजाराम चक्रवर्ती (डीइआईसी मैनेजर) और डॉ. मनोज पाण्डेय (सीएमएचओ) के द्वारा छात्रों से उनका स्वास्थ्य परीक्षण कैसे किया गया किया गया की जानकारी प्राप्त की गई। संस्था के प्राचार्य पंकज कुमार जैन द्वारा बच्चों को अपने दंत रोगों के प्रति

## जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय मॉडल स्कूल चयन परीक्षा 30 अप्रैल को

**बालाघाट।** शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय बालाघाट प्राचार्य श्रीमती राजलक्ष्मी नायडु ने जानकारी देते हुये बताया कि जिला एवं विकासखण्ड स्तरीय मॉडल स्कूल चयन परीक्षा की तिथि 30 अप्रैल घोषित की गई है। उन्होंने बताया है कि कक्षा नवमी हिन्दी व अंग्रेजी माध्यम में प्रवेश के लिये जिला स्तरीय उत्कृष्ट विद्यालय एवं विकासखण्ड स्तरीय मॉडल स्कूल चयन परीक्षा 2024-25 का आयोजन जिला स्तर व विकासखण्ड स्तर पर 30 अप्रैल को किया जायेगा। इस परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी परीक्षार्थी अपना प्रवेश पत्र एमपीऑनलाइन के माध्यम से प्राप्त कर सकते है।

## मेहनत से पढ़ाई कर इंजीनियर बनने का है सपना

# गाय चराकर पढ़ाई कर दसवीं के परीक्षा परिणाम में बनाया 81 प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज लांजी।





यदि लगन और कुछ करने की चाह हो तो विपरीत परिस्थितियों में भी लोहा लिया जा सकता है और कभी हार का सामना नहीं करना पड़ता। ऐसा ही कुछ जुनून लांजी क्षेत्र के छोटे से गांव सावरी खुर्द के चरवाहा हिरालाल नेवारे के बेटे ने कर दिखाया है। बता दें कि हिमांशु हिरालाल नेवारे ने शासकीय हाईस्कूल सावरी खुर्द में कक्षा 10वीं में अध्ययन के साथ साथ पिताजी के साथ पशु चराने के कार्य में पूरा सहयोग देकर समय पड़ने पर अपने माता के साथ घरेलू कार्य में भी हाथ बंटाता है। गांव में स्कूल जाने के पूर्व गाय, बैल, भैंस हांकते हुए गोठान तक पहुंचाने के बाद तैयार होकर स्कूल में पढ़ाई कर वापस शाम में वही जानवरों को घर लाने का कार्य करते हुए रात्रि में फिर लगन से पढ़ाई करता रहा। यह भी बता दें कि बिना कोचिंग, ट्यूशन के हिमांशु ने कक्षा 10वीं बोर्ड में 81 प्रतिशत अंक अर्जित कर माता पिता के अलावा गांव एवं विद्यालय का नाम रोशन किया है।

**इंजीनियर बनने की है चाहः** मजदूर माता-पिता के बेटे हिमांशु ने खास चर्चा में बताया कि वह 2 भाईयों में बड़ा है। आगे साइंस विषय लेकर लगन और मेहनत से पढ़ाई कर इंजीनियर बनने का सपना है। यदि शासन प्रशासन से अच्छी कोचिंग और ट्यूशन जैसी सुविधाएं मिल जाए तो अपने अलावा 8वीं में पढ़ाई कर रहे छोटे भाई को अच्छी पढ़ाई के साथ-साथ माता-पिता को भी सहयोग कर सकता हूं। इस सफलता पर ग्राम के सरपंच किशोरी लाल पांचे, वारी सरपंच ऋषि पटेल, पूर्व सरपंच गीता बाई श्रावण दशरिया, दिलचंद लिल्हारे, परसराम लिल्हारे, लक्ष्मण लिल्हारे, लिलाराम लिल्हारे, संदीप गुप्ता, आकाश मेश्राम, नेहरू लिल्हारे, नरेंद्र लिल्हारे, प्रितेश नागपुरे, कोमल लिल्हारे, के अलावा ग्राम के गणमान्य लोगों ने बधाई प्रेषित की है।

# कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल का 5 वीं, 8 वीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम के अनुसार नगर की अग्रणी शिक्षण संस्था कैरियर हायर सेकेण्डरी स्कूल का पांचवी एवं आठवीं का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 5 वीं एवं कक्षा 8 वीं के सभी छात्र एवं छात्राएँ प्रथम श्रेणी में उत्तीर्ण हुए।

कक्षा 5 वीं में प्रथम आयुष हरीश चौधरी 86 प्रतिशत, द्वितीय कु. खुशबू लेखराम सोनटके 85 प्रतिशत, एवं तृतीय इशान्त अजय हेड़ाऊ 84 प्रतिशत रहे। कक्षा 8 वीं में प्रथम स्थान पर कु. सिया धरम दहीलिंगे 93 प्रतिशत, द्वितीय स्थान पर कु. सलोनी राजू आमाडारे 89.3 प्रतिशत एवं तृतीय स्थान कु. आरोही हौसलाल हरिनखेड़े 88 प्रतिशत ने पाया। कक्षा 5 वीं के अन्य छात्र छात्राओं में असीम मिथलेष मिश्रा 77.7 प्रतिशत, अरहन खान मो. अतीक 77.7 प्रतिशत, अर्थव मनोज करोले 69 प्रतिशत, : देवांशु राजू आमाडारे 79.7 प्रतिशत, कु. नूरसबा असलम कादरी 77 प्रतिशत एवं ओम नंदकिशोर पटले 75.5 प्रतिशत सम्मिलित है। इसी प्रकार कक्षा 8 वीं में कु. आरूषी देवेन्द्र मंडारी 79 प्रतिशत, अफरोज खान मो. नासीर 65.8 प्रतिशत, कु. अनन्या नरेन्द्र डेकाटे 76 प्रतिशत, कु. असमीरा मो. नासीर खान 76.3 प्रतिशत, आयुष सूरज गुर्जर 65.6 प्रतिशत, गीतांश संतोष नेवारे 66.5 प्रतिशत, कु. इरम परवीन आत्मजा मोइन 84.5 प्रतिशत, मन्नत नन्दकिशोर मरठे 79 प्रतिशत, कु मासूम लोकेष बंसोड़ 75.3 प्रतिशत, कु. मोहिनी राजू उइके 82.3 प्रतिशत, कु. प्राची गौतम कुम्भलवार 83.5 प्रतिशत, प्रिंस परमेश बाहेश्वर 77.8 प्रतिशत, राधेश्याम डुलीचंद बाहेश्वर 75 प्रतिशत, कु. रागिनी दिनेश हेड़ाऊ 87 प्रतिशत, रेहन आशिक शेख 76 प्रतिशत, कु. सुरभि विजय टेंभरे 78.5 प्रतिशत, त्रिवेश अशोक मात्रे 75 प्रतिशत, वैभव विकेष पाटिल 83 प्रतिशत, कु. विभूति विजय टेंभरे 77 प्रतिशत सम्मिलित है।

इस शानदार परीक्षा परिणामों के लिये स्कूल संचालक एवं प्राचार्य निरंजन बिसेन एवं कैरियर शिक्षा समिति की सचिव श्रीमती पुष्पा बिसेन सहित कैरियर शिक्षा समिति के समस्त पदाधिकारियों द्वारा इसे छात्र-छात्राओं एवं शिक्षक- शिक्षिकाओं के कठोर परिश्रम का परिणाम बताते हुए उन्हें बधाई दी गई है।

# केशव इंग्लिश हायर सेकंडरी स्कूल की 8 वीं और 5 वीं का परीक्षा परिणाम रहा शत प्रतिशत

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

8 वीं से 10 विद्यार्थी और 5 वीं में 8 विद्यार्थियों ने पाया ए प्लस ग्रेड

वारासिवनी। राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा घोषित कक्षा 8 वीं एवंकक्षा 5 वीं के परीक्षा परिणामों में नगर की प्रतिष्ठित संस्था केशव इंग्लिश हायर सेकेंडरी स्कूल के विद्यार्थियों का परीक्षा परिणाम शत प्रतिशत रहा। कक्षा 8 वीं के कुल 60 विद्यार्थियों में 59 विद्यार्थी सफल रहे और कक्षा 5 वीं के 58 विद्यार्थियों में सभी ने सफलता अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

कक्षा 8 वीं में प्रथम शाम्भवी मांधाता 94.16 प्रतिशत, द्वितीय सोनाक्षी जैन 94 प्रतिशत, तृतीय मानसी चौरसिया 93.5 प्रतिशत, चतुर्थ आर्या पाठक 92.66 प्रतिशत, पंचम 92.33 प्रतिशत, षष्ठम महक कटरे, सायली नंदूरकर, सोनल करन 91.83 प्रतिशत, सप्तम श्रृष्टि बिसेन 91.66 प्रतिशत, अष्टम नंदनी पटले 90.83 प्रतिशत, नवम प्रीत राना 89.83 प्रतिशत और दशम प्रियांशु खण्डेलवाल 89.66 प्रतिशत स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही अन्य विद्यार्थियों ने भी अच्छे अंक प्राप्त कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया।

कक्षा 5 वीं में प्रथम रिदम चौरसिया 92.75 प्रतिशत, द्वितीय पावनी ठाकरे 92.25 प्रतिशत, तृतीय दिव्य सेन्द्रे 92 प्रतिशत, चतुर्थ हर्ष बिसेन 91.25 प्रतिशत, पंचम प्रज्ञा साखरे 90.75 प्रतिशत, षष्ठम उर्वशी पंचभाये 90.5 प्रतिशत, सप्तम एंजल राहंगडाले 92.25 प्रतिशत, अष्टम उन्नति पात्रे 90 प्रतिशत, नवम खुशी शरणागत 89.5 प्रतिशत और दशम कुणाल चुरहे ने 89 प्रतिशत प्राप्त किया।

# मामूली विवाद पर युवक की हत्या, जांच मे जुटी पुलिस

**जिले के कुरई थाना क्षेत्र अंतर्गत पचधार पेट्रोल पंप के पास गुरुवार को सुबह करीब 11 बजे 36 वर्षीय युवक की मामूली विवाद पर दो सगे भाइयों ने हत्या कर दी।हत्या के बाद से क्षेत्र में सनसनी फैलने के साथ मौके पर बड़ी संख्या में भीड़ एकत्रित हो गई। मौके पर पहुंचकर पुलिस जांच कर रही है।**

**थाना प्रभारी एलएस झारिया का कहना है कि फिलहाल मौके पर एकत्रित भीड़ को अलग किया जा रहा है।युवक की हत्या किसने और किन कारणों से की इसका पता लगाया जा रहा है।**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जानकारी के अनुसार कुरई के गांव रिडडी निवासी अखिलेश पुत्र देवी प्रसाद शिवने का गुरुवार को करीब 11 बजे गांव के ही दो सगे भाइयों के साथ पचधार पेट्रोल पंप के बाजू में किसी बात को लेकर हुए विवाद हो गया।विवाद के दौरान हुई मारपीट व धक्का मुक्की से अखिलेश गिर गया।

# जेवरात चुराने वालों के साथ चोरी का माल लेने वाली महिला को पुलिस ने गिरफ्तार कर पहुंचाया जेल

**जिले के लखनादौन थाना क्षेत्र के सिहोरा गांव में घर की आलमारी में रखे में सोने-चांदी के जेवरात चुराने वाले एक नाबालिग समेत दो आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।साथ ही चोरों से चोरी किए गए जेवरात को खरीदने वाली महिला को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इसके पास से जेवरात बरामद किए गए हैं।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

लखनादौन थाना प्रभारी केपी धुर्वे ने बताया है कि थाना में 21 अप्रैल को सिहोरा निवासी सीताराम पुत्र हुकुमचंद गोल्हानी ने जेवरात चोरी होने की



रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसमें उसने बताया कि उनकी पत्नी के सोने के कान के झाले, सोने की अंगूठी, सोने का हार अलमारी के लाकर में रखे थे।एक माह पहले पत्नी ने अलमारी खोली थी तब सभी जेवर रखे हुए थे। 18 अप्रैल को परिवार सहित शादी में जाना था तब पत्नी ने अलमारी खोली तो लाकर मे रखे सोने के जेवरात नहीं थे।

रिपोर्ट पर थाना लखनादौन में अपराध पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। वरिष्ठ अधिकारियो के मार्गदर्शन में अज्ञात आरोपितों व चोरी गए जेवरात की पतासाजी के लिए टीम गठित कर संदेहियों से पूछताछ की गई।इसमें संदेही दिव्यांश अहिरवार से बारीकी से पूछताछ करने पर उसने नाबालिग साथी के साथ चोरी करना स्वीकार किया।साथ ही चोरी किए गए जेवर को लच्छो बाई अहिरवार को बेचने की जानकारी दी।इनके कब्जे से चोरी गए एक जोडी.कान के झाले, एक सोने की अंगूठी व एक सोने का हार बरामद कर आरोपितों को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया। यहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है।

# ट्रांसफार्मर मे लगा अर्थिंग तार में फैला करंट भैंस की हुई मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कुरई विद्युत वितरण केंद्र के अंतर्गत ग्राम आमाझिरी में मवेशी मालिक हेमराज हिंगे सुबह 9:00 बजे भैंस चराने गया था तत्पश्चात भैंस ट्रांसफार्मर में लगे हुए अर्थिंग तार के संपर्क में आ जाने से करेंट लगने पर भैंस की घटना स्थल पर ही मौत हो गई तत्पश्चात ग्रामीणों ने वितरण केंद्र कुरई को सूचना दी गई लेकिन देर तक कोई स्टाफ नहीं पहुंच पाए थे।

### इनका कहना है

आमाझिरि में घटित हुई घटना की जानकारी मुझे प्राप्त हुई उस समय मैं बाहर था मेरे द्वारा विभाग के कर्मचारी को मौका में भेज कर पंचनामा कार्यवाही की गई।

**मुकेश कुमरे जे ई कुरई**

## कोतवाली ने पुलिस ने चैकिंग के दौरान ज्यारत नाका के पास पकड़ा था

# शराब के नशे में कार चला रहे चालक पर कोर्ट ने लगाया दस हजार का जुर्माना

**शराब के नशे में वाहन चलाने वालों पर कोतवाली पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। 22 अप्रैल की रात शराब के नशे में कार वाहन को लहराते हुए चला रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने ज्यारतनाका के पास पकड़ा है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

जिसका जिला अस्पताल में मेडिकल परीक्षण कराया गया। कोतवाली पुलिस ने कार चालक का प्रकरण जिला न्यायालय में पेश किया, जहां कोर्ट ने वाहन चालक पर दस हजार रुपये का जुर्माना लगाया है।




कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह ने शराब के नशे मे वाहन चलाने के कारण जिले में बढ़ रहे सड़क हादसों में कमी लाने गंभीरता से कार्रवाई करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिए है। इसके तहत एएसपी जीडी शर्मा व एसडीओपी पूजा पांडे के मार्गदर्शन में कोतवाली थाना का बल लगातार नशे में वाहन चलाने वाले चालकों पर निगाह रखकर वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

22 अप्रैल को ज्यारत नाका के पास रात 10.30 बजे टोयाटा कार क्र. एमपी 22 सीए 4387 के चालक द्वारा वाहन को लहराते हुए चलाता पाया गया। इस पर पुलिस बल ने वाहन को रोका गया। इसमें वाहन चालक कुमार पुत्र कुंजबिहारी सनोड़िय के मुंह से शराब की बू आने पर जिला चिकित्सालय में परीक्षण कराया गया। वाहन चालक को वाहन के साथ थाने लाया गया व चालक पर धारा 185 मोटरव्हीकल एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। इस पर कार वाहन टोयाटा इटास को जप्त कर प्रकरण न्यायालय में पेश किया गया। कार्रवाई में थाना प्रभारी सतीश तिवारी, उनि जयशंकर उइके, आरक्षक प्रतीक बघेल, सौरभ, अजय मिश्रा शामिल रहे।

# बाइक को टक्कर मार स्ट्रीट लाइट खंभे में घुसी बस, आठ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 में मुख्यालय से 20 किमी दूर राहीवाड़ा चौराहे में नागपुर से सागर जा रही यात्री बस बुधवार दोपहर करीब 12 बजे सड़क पार कर रहे एक बाइक सवार दंपत्ती को टक्कर मारते हुए डिवाइडर पर स्ट्रीट लाइट खंभे में जा घुसी। हादसे में बाइक में जा रहे बालाघाट के लालबर्रा निवासी पति-पत्नी के साथ ही बस में सवार छह यात्री घायल हो गए। गनीमत की बात रही कि हादसा के बाद यात्रियों से भरी बस हाईवे में पलटी तो बड़ा हादसा हो सकता था।

जानकारी के अनुसार बस यात्री एक महिला समेत बाइक सवार पति-पत्नी को गंभीर चोटे आई हैं, जिन्हें उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बस में सवार अन्य पांच घायलों को मामूली चोट आई है, जिन्हें प्राथमिक इलाज के बाद छुट्टी दे दी गई है।

बंडोल थाना प्रभारी राजेश दुबे ने बताया कि ओम सांईराम ट्रेवल्स की यात्री बस क्रमांक एमपी 15 पीए 3277 नागपुर से सागर जा रही थी। जबकि बाइक सवार दंपत्ती राहीवाड़ा चौराहे को क्रास कर रहे थे। इसी बीच बस ने बाइक को टक्कर मार दी। बाइक सवार कहां से कहां जा रहे थे, यह अभी स्पष्ट नहीं हो सका है।

पुलिस ने दुघर्टनाग्रस्त बस वाहन को जब्त कर बंडोल थाना परिसर में खड़ा कर दिया है। मामले में विस्तृत जांच की जा रही है। घायलों में बाइक सवार दिनेश पुत्र तिलक बम्हे (55) उसकी पत्नी सीमा ब्रम्हे (50) पण्डरापानी थाना लालबर्रा जिला बालाघाट निवासी के अलावा धूमा थाना अंतर्गत जोबा खैरनरा निवासी रामाबाई पति रेलमसिंह राजपूत (60) शामिल हैं।

## गौवंश तस्करों लखनादौन पुलिस ने दबोचा

# 56 गौवंश को जप्त कर, 03 गौ तस्करों को गिरफ्तार

**पुलिस अधीक्षक राकेश कुमार सिंह के द्वारा समय समय पर अवैध गौवंश तस्करों के विरूद्ध कार्यवाही करने के निर्देशन में, अति. पुलिस अधीक्षक जी.डी शर्मा अनु० अधि० पुलिस श्री अपूर्व भलावी के मार्गदर्शन में थाना लखनादौन थाना प्रभारी के०पी० धुर्वे के नेतृत्व में अवैध गौवंश तस्करों व 56 गौवंश को जप्त कर, 03 गौ तस्करों को गिरफतार करने में बडी सफलता प्राप्त की है।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

दिनांक 24/04/2024 को विश्वसनीय मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जबलपुर तरफ से एक ढक एमपी 09 एचएच 8104 सिवनी तरफ जा रहा है जिसमें अवैध रूप से गौवंश मवेशी ठुस-ठुस कर भरे है। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर एन.एच. 44 रोड मडई के पास पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी



कर वाहन ढक एमपी 09 एचएच 8104 को रोका गया जिसमें तीन लोग (1) युनुस खां पिता सत्तार खां उम्र 40 साल निवासी सारंगपुर जिला राजगढ म.प्र. (2) संतोष पिता भवरलाल लोधा उम्र 50 साल निवासी सारंगपुर जिला राजगढ म.प्र. (3) राजू चौकसे पिता फुलसिंह चौकसे उम्र 31 साल निवासी आदर्श कॉलोनी थाना कोतवाली जिला शाजापुर म.प्र. के वाहन से उतर कर जंगल की तरफ भागे जिन्हे घेरा बंदी कर पकडा गया ढक में लगी त्रिपाल को हटा कर चैक करने पर वाहन में 56 नग गाँवश नाटा ठुस-ठुस कर नाक, गर्दन, पैर बंधे भरे हुए पाये गये । वाहन ढक एमपी 09 एचएच 8104 व सभी 56 नग गौवंश को जप्त किया गया एक तीनों आरोपियों को गिरफतार किया गया। आरोपियों के विरूद्ध अपराध कमांक 202/24 धारा 4, 6 9 म०प्र० गौवंश प्रति० अधि० 6ग, 7, 10 म०प्र० कृषक पशु परिरक्षण अधि. 11 घ पशुओं के प्रति कुरता निवारण अधिनियम 429 भादवि. एवं 66/192 मोटर व्हीकल एक्ट का अपराध पंजीबद्ध क विवेचना में लिया गया । गिरफतार आरोपी :- (1) युनुस पिता सत्तार खां उम्र 40 साल निवासी सारंगपुर जिला राजगढ (2) संतोष पिता भवरलाल लोधा उम्र 50 साल नि. सारंगपुर जिला राजगढ (3) राजू चौकसे पिता फुलसिंह चौकसे उम्र 31 साल नि. आदर्श कॉलोनी थाना कोतवाली जिला शाजापुर

**जप्ती :-** 1- वाहन ढक एमपी 09 एचएच 8104 कीमत 15 लाख रूपये 2- 56 नग गौवंश कीमत 5 लाख रूपये।

**सराहनीय कार्य :-** निरीक्षक के.पी. धुर्वे थाना प्रभारी लखनादौन, उपनिरी. आर.एस. राजपूत, उपनि के.एस. पटेल, आरक्षक 198 अनिल लोखंडे, आर. 689 ओमप्रकाश धुर्वे, आर. 715 धनेश्वर यादव चालक आरक्षक 670 प्रकाश धुर्वे की सराहनीय योगदान रहा है।

# नेताजी सुभाष चन्द्र बोस विद्यालय में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी सतीश चंद्र राय के मार्गदर्शन एवं लक्ष्मण कुमार वर्मा जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सिवनी निर्देशन में नालसा (नशा पीड़ितों की विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन के लिए विधिक सेवाऐं) योजना, 2015 विषय पर गुरूवार 25 अप्रैल को नेताजी सुभाष चन्द्र बोस विद्यालय सिवनी में विधिक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। उक्त कार्यक्रम में के.एम. अहमद जिला न्यायाधीश सिवनी द्वारा संविधान के मौलिक अधिकार एवं कर्त्तव्य एवं पास्को एक्ट पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही शिविर में उपस्थित श्री ठाकुर प्रसाद मालवीय न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा 11 मई 2024 को आयोजित नेशनल लोक अदालत विषय पर उपस्थित छात्र-छात्रओं को विस्तार से जानकारी प्रदान की गई।

# विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर निकाली गई जागरूकता रैली



**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** जिला मलेरिया अधिकारी सिवनी द्वारा बताया गया कि शासन के निर्देशासुनार राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत वाहक जनित रोगों के प्रति आमजनों में जागरूकता का प्रसार करने के उद्धेश्य से गुरूवार 25 अप्रैल 2024 को मलेरिया की थीम ₹अधिक न्याय संगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई को तेज करना₹ के आधार पर ₹विश्व मलेरिया दिवस' मनाया गया। गुरूवार 25 अप्रैल 2024 को ₹विश्व मलेरिया दिवस₹ के अवसर पर आमजन में मलेरिया के प्रति जागरूकता का प्रसार करने के उद्धेश्य से जिला चिकित्सालय परिसर से मलेरिया जन जागरूकता रैली निकालकर आमजनों को जागरूक किया गया। रैली को डॉ० अभय सोनी एवं जिला मलेरिया अधिकारी रामजी भलावी द्वारा हरी झंडी दी गयी, यह रैली शहर के विभिन्न मार्गो से होते हुए वापिस जिला चिकित्सालय सिवनी परिसर में सम्पन्न हुई जहाँ पर श्री रामजी भलावी द्वारा उपस्थित कर्मचारी अधिकारी व नागरिकों को मलेरिया नियंत्रण करने बावद् शपथ दिलाई गयी।

## कु अपूर्वा तिवारी का सूयश



केवलारी- माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश शासन के द्वारा घोषित हुये वार्षिक परीक्षा परिणाम मे कक्षा 12वीं में प्रदेश की टॉप 10 सूची में जिले की दो बालिकाओं ने प्रदेश में अपना स्थान बनाया है । घोषित हुए परीक्षा परिणामों में बालको से ज्यादा बालिकाओं ने प्रदेश स्तर पर प्रवीण्य सूची में अपना दाब-दवा बरकार रखा है।शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा कुमारी अपूर्वा (आस्था) पिता राजेश तिवारी ने विज्ञान संकाय में 87.6 प्रतिशत अंको के साथ मेरिट मे स्थान बनाया है।

## जिले में बढ़ा ग्रीष्मकालीन फसलों का रकबा

# उपसंचालक कृषि एवं कृषि वैज्ञानिक के दल ने किया निरीक्षण एवं कृषकों को दी तकनीकि सलाह



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिवनी।

कलेक्टर क्षितिज सिंघल के निर्देशानुसार एवं उपसंचालक कृषि सिवनी मोरिस नाथ द्वारा किये जा रहे प्रयासों से सिवनी जिले में ग्रीष्मकालीन फसलों के रकबे में बढोत्तरी हुई है। विगत वर्ष में सिवनी जिले में ग्रीष्मकालीन फसलों का रकबा लगभग 18500 हेक्टेयर था जोकि इस वर्ष 2023-24 में बढ़कर लगभग 28000 हेक्टेयर तक पहुंच गया है।

ग्रीष्मकालीन फसलों में मुख्यतः मूंग एंव उडद फसल का रकबा बढ़ा है। मूंग का रकबा इस वर्ष 15000 हेक्टेयर तथा उड़द का रकबा लगभग 8000 हेक्टेयर तक पहुंच गया है। इसके आलाव ग्रीष्मकाल में कृषकों द्वारा मक्का, मुंगफली इत्यादि फसलें भी ली जा रही है। उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ ने बताया कि कृषकों के पास सिंचाई के संसाधन बढ़ने से एवं रबी की फसल शीघ्र कटने से खेत के खाली रहने पर कृषक तीसरी फसल के विकल्प के रूप में मूंग फसल को अधिक पसंद कर रहे है। मूंग एवं उड़द फसल कम अवधि की फसले होने के कारण शीघ्र पक कर तैयार होती है। उक्त फसलों को लेने से कृषकों को अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। विगत वर्षा से शासन द्वारा समर्थन मूल्य पर मूंग एवं उड़द फसल का उपार्जन करने से भी कृषकों का रूझान मूंग एवं उड़द फसल की ओर बढ़ा है। कृषि विभाग के माध्यम से भी कृषकों को फसल प्रदर्शन हेतु मूंग का 170 क्वि. बीज का वितरण किया गया है।

उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ, वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी डॉ. निखिल सिंह एवं सहायक संचालक कृषि श्री प्रफुल्ल घोडेसवार ने ग्राम ऐरपा, पिपरडाही का भ्रमण कर मूंग फसल की स्थिति का अवलोकन कर कृषकों को तकनीकि सलाह दी। डॉ. निखिल सिंह वरिष्ठ वैज्ञानिक कृषि विज्ञान केन्द्र सिवनी ने कृषकों को सलाह दी कि मूंग फसल में पीला मोजेक वायरस का हल्का प्रकोप दिखाई दे रहा है इसके साथ ही पत्तीयों पर इल्लियों का प्रकोप भी दिखाई पड़ रहा है। पीला मोजेक वायरस, सफेद मक्खी से फैलता है जिसके प्रभावी नियंत्रण हेतु कृषक शुरूआत अवस्था में ही थायमेथोक्जाम एवं लेम्डासायहेलोथ्रीन कीटनाशक दवा के कॉम्बीनेशन का 100 से 150 मि.ली. प्रति एकड़ के स्प्रे करने पर कीटव्याधी से मूंग फसल को बचाया जा सकता है। इसके साथ-साथ फसल पर एन.पी.के. 19:19:19, जल विलेय उर्वरक को फूल आने से पहले और फली बनने की अवस्था पर 5 ग्राम प्रति लीटर पानी में घोल बनाकर छिड़काव करना चाहिए जिससे उपज में वृद्धि हो सकें।

उपसंचालक कृषि श्री मोरिस नाथ द्वारा कृषक भाईयो से अपील की जाती है कि वे उक्त तकनीकि सलाह का अपनाकर लाभ प्राप्त करें।

# गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बरघाट की कक्षा 12वीं तथा कक्षा 10वीं के बच्चों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरघाट।

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा बुधवार को कक्षा दसवीं एवं कक्षा 12वीं के परिणाम घोषित किए गए जिसमें ह्यूमन रिसोर्सेस फेडरेशन( समाजसेवी संगठन) द्वारा संचालित गुरुकुल पब्लिक हायर सेकेंडरी स्कूल बरघाट में कक्षा 12वीं तथा कक्षा 10वीं के बच्चों द्वारा उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया। जिसमें कक्षा दसवीं में हर्षिता बिसेन 93 .% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान तथा हेरवी तुरकर ने 92.4 % , अंशिका राहंगडाले 88.0% , निर्जला घरडे 86.2% , नाम्या सिंह राजपूत 85.4% स्नेहा बघेल 85.2%, लतिका श्रीवास 84.6%, शालिनी गौतम 83.8%, माही राहंगडाले 83.4% श्रुति गौतम 83.4% द्वारा अंक प्राप्त किये गये। कक्षा 12वी गणित संकाय में मणि रत्न दीक्षित 93.0% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा साथ ही शीलू राहंगडाले 91.4% , अनन्या परते 90.6% , प्रिंसी शरणागत 86.0% नंदिनी तरवरे 79.8%, उदिति मरावी 76.6% , सिद्धार्थ गौतम 73.6% एवं अलशाना कुरेशी 71.6% अंक प्राप्त किया । कक्षा पाचवीं में अनन्या ठाकुर 86 % अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान प्राप्त किया एवं आरोही राहंगडाले 82.8%, गुँजन उईके 82.3%, सुरभि भगत 81.8%, हिमांक बोपचे 81.5%, वाणी बनवाले 80.8%,पूर्वी ठाकरे 80.3% अंक प्राप्त किये गए। कक्षा आठवीं में महिमा तुरकर 88.5% अंक प्राप्त कर प्रथम स्थान में रही तथा निहाल ठाकुर 88.2% , ऊर्जा बोपचे 87.8% ,हिमांक्षी अद्मचे 86.8%,यश सूर्यवंशी 86.7% ,तिष्ठा बोपचे 85.7% दिव्यांश हरिन्दावर 83.2%,साम्या खान 82.3%,आशी नामदेव 81.3%,श्वेतांक परिहार 80.0%अंक प्राप्त किया। संस्था के डायरेक्टर श्री नरेश सिंह राजपूत जी तथा संस्था प्राचार्य ज्योति सिंह राजपूत द्वारा बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की तथा बच्चों को धन्यवाद दिया। विद्यालय प्रबंधन ने पालकों को शुभकामनाएं देते हुए उनके द्वारा विद्यालय को दिए गए सकारात्मक सहयोग की सराहना की। बच्चों ने अपनी सफलता का श्रेय विद्यालय एवं पालकों को देते हुए विद्यालय द्वारा कराई जाने वाली बोर्ड परीक्षा की तैयारी के लिए धन्यवाद दिया। जैसा की विदित है विद्यालय द्वारा बोर्ड की तैयारी हेतु अनेक प्रकार की परीक्षाएं एवं प्रश्न बैंक की अनेक नीतियों से तैयारी कराई गई थी।

# आरोपियों पर दर्ज हो एफआईआर, नहीं तो 27 से होगा आंदोलन

# रमरमा महादेव मंदिर तोड फोड मामला : निलंबन की कार्यवाही से संतुष्ट नहीं ग्रामीण

**हरिभूमि न्यूज वारसिवनी।**

गत दिनों नाका टोला रमरमा महादेव मंदिर में हुई तोड फोड की घटना को लेकर आरोपी वन विभाग के कर्मचारियों को सस्पेंड कर दिया गया है किन्तु इस कार्यवाही से ग्रामीणजन, श्रृध्दालु एवं मंदिर समिति संतुष्ट नही है इसी बात के दृष्टीगत आज हर हर महादेव समिति सदस्यों एवं श्रृध्दालुओं ने आवष्यक बैठक आहुत कर आरोपियों पर एफआईआर सहित कडी कार्यवाही हेतू आगे की रणनीति के संबंध में चर्चा की । बैठक मे क्षेत्रिय विधायक विवेक पटेल, थाना प्रभारी वी. बी. टांडीया, समिति अध्यक्ष जिला पंचायत सदस्य दुलेंद्र ठाकरे, सरपंच प्रतिनिधी रोनू बिसेन, उप सरपंच, मंदिर सेवादार, पत्रकार सहित समिति सदस्य एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

जानकारी अनुसार बैठक में वन विभाग के जिम्मेदार डिप्टी रेंजर सहित अन्य के द्वारा सनातन धर्म का झंडा तोडने, बैनर जलाने और मंदिर परिसर की संपत्ति की तोड़ फोड़ को लेकर ग्रामीण सहित पदाधिकारी आक्रोशित नजर आए। डिप्टी रेंजर सहित अन्य आरोपी को मात्र सस्पेंड कर मामले मे लीपा पोती की जा रही है । आरोपियों पर अब तक एफआईआर दर्ज नहीं की गई है जिस पर ग्रामीणों ने पुलिस पर कार्यवाही में विलंब और लापरवाही के भी आरोप लगाए। जिस पर वहा मौजूद थाना प्रभारी टांडीया द्वारा ग्रामीणों को सहजता से समझते हुए कहा कि यह मामला वन विभाग के कर्मचारियों का है कर्मचारियों पर एफआईआर सहित अन्य वैधानिक कार्यवाही के लिए वन विभाग के उच्चाधिकारियों की सहमती आवष्यक है । पुलिस द्वारा आगे की कार्यवाही के लिए प्रक्रिया का पालन करते हुए वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को पत्र प्रेषित कर घटना की विस्तार से जानकारी देते हुए लिखित प्रतिवेदन दे दिया है वहां से सहमती पत्र प्राप्त होते ही आगे की कार्यवाही की जायेगी । हमे वन विभाग के पत्र का इंतजार है । जिस पर क्षेत्रिय विधायक विवेक पटेल ने तत्काल सीसीएफ से दूरभाष पर तत्संबंध में चर्चा की और स्तिथि से अवगत कराया । सीसीएफ बालाघाट ने बताया की वे किसी मीटिंग को लेकर जिले से बाहर है 26 अप्रेल तक कार्यवाही हो जाएगी चुकी डीएफओ भी जिले में नही है तो 26 तारीख तक धैर्य रखे कार्यवाही होगी।

### एफआईआर नही होने से आक्रोषित है ग्रामीणजन

ग्रामीणों ने कटंगी विधायक व हर हर महादेव ट्रस्ट के कोषाध्यक्ष गौरव पारधी से भी दूरभाष पर चर्चा की और स्थिति से अवगत कराते हुए आंदोलन की बात रखी, ग्रामीण और महादेव समिति सस्पेंड डिप्टी पर एफआईआर को लेकर अड़े हुए है, चर्चा में ग्रामीणों ने बताया की डिप्टी का कृत्य क्षमा योग्य नहीं है और अब तक जो कार्यवाही हुई है वह विभागीय है जबकि उस पर आपराधिक मामला बनना चाहिए था जो चार दिन बीत जाने के बाद भी दर्ज नहीं हो सकी है ऐसा लगता है वन विभाग मामले को दबाने और अपने कर्मचारी को बचाने का प्रयास कर रहा है अगर उन अधर्मियो पर एफआईआर दर्ज नहीं की गई तो 27 अप्रेल से उग्र आंदोलन होगा जिसकी जिम्मेदारी प्रषासन की होगी । ग्रामीणों ने आगे कहा की नशे में धुत होकर राजेंद्र बिसेन डिप्टी, ने वन विभाग की छवि को धूमिल किया है विभाग को उसे बर्खास्त करना चाहिए और आपराधिक मामला दर्ज करवाना चाहिए ।

### साम्प्रदायिक रूप देने का था प्रयास

ग्रामीणों सहित समिति सदस्यों का यहां तक कहना है की 21 अप्रेल 24 की रात्रि कटंगझरी - रमरमा वन क्षेत्र के डिप्टी रेंजर राजेंद्र बिसेन और उसके साथियों ने षराब के नषे में भगवा झण्डे सहित भगवान षिव पार्वती की चित्र वाला फ्लेक्स को तोडकर जलाया और मंदिर की सम्पत्ति एवं दुकानों मे तोड फोड किया इसके पीछे उनका क्या उद्देष्य एवं लाभ है । इस बात से इंकार नही किया जा सकता कि मंदिर की प्रसिध्दी एवं विकास वन विभाग को हजम नही हो रहा है



। ग्रामीणों ने यह भी बताया कि आरोपी डिप्टी रेंजर राजेन्द्र बिसेन द्वारा अनेकों दफा यह कहते सुना गया कि समिति वन विभाग की भूमी पर अतिक्रमण कर रही है । हो सकता है इसी बात को देखते हुए इस घटना को अंजाम यह सोचकर दिया गया कि आधी रात मे कोई उन्हे नही देखेगा और प्रातः जब लोग आयेगें औय यह तोड फोड और झण्टे बेनल जला हुआ देखेगें तो इस घटना के लिए खास समुदाय को जिम्मेदार माना जायेगा । ज्ञात हो की महेदव मंदिर के पास ही एक मजार है और मुस्लिम धर्म के अनुयायियों का यहां आना जाना लगा रहता है, धार्मिक उन्माद का जन्म होता और गलतफहमी में दो पक्षों के बीच अनायास ही संघर्ष हो जाता, यह कृत्य सुनियोजित है और सोच समझकर किया गया है ।

### एफआईआर नही तो वन अधिकारियों को घुसने भी नही देंगे

ग्रामीणों का साफ कहना है कि वन विभाग के अधिकारी कर्मचारी वन अपराध रोकने के लिए पदस्थ होते है उनके द्वारा इतन घिनौना कृत्य किया गया जिसे किसी भी सूरत मे माफ नही किया जा सकता अगर दोषी डिप्टी रेंजर सहित अन्य आरोपियों पर एफआईआर नही की जाती तो वन विभाग के किसी भी अधिकारी को क्षेत्र मे घुसने नही देंगे और हमारे क्षेत्र से जो वन सम्पदा निकासी के ट्रक चलते है उन्हे भी चलने दिया जायेगा ।

### अवैध कटाई एवं मैग्नीज उत्खनन मे संलिप्त होने सरपंच ने की थी डिप्टी के विरूध्द लिखित शिकायत

गौरतलब है कि ग्राम पंचायत रमरमा सरपंच के द्वारा डिप्टी के विरुद्ध 7 माह 19 दिन पूर्व अधिकारियो को लिखित षिकायत दी थी की डिप्टी रेंजर पर अवैध सागौन कटाई एवं अवैध मैग्नीज उत्खन मे सलग्न है तत्काल कार्यवाही की जाये । किंतु अधिकारियो ने उक्त शिकायत को गंभीरता से नहीं लिया और लापरवाही की, इस बात को लेकर भी ग्रामीण आक्रोशित है और इसी वजह से उन्हें अब भी विभाग पर भरोसा नहीं हो रहा है की विभाग इस मामले में कोई गंभीरता दिखाएगा ।

### 27 अप्रेल को होगा उग्र आंदोलन

बहरहाल बैठक में अधिकारियो द्वारा 27 तारीख तक कार्यवाही का आश्वासन दिया गया है, वही विधायक वारासिवनी, मंदिर समिति और ग्रामीणों ने 26 अप्रेल 24 तक एफआईआर दर्ज नहीं किए जाने की सूरत में 27 अप्रेल से रमरमा में आंदोलन की बात कही है और साफ कहा है की हम कही नही जायेंगे किसी से गुहार नही लगाएंगे, अधिकारियो को ही रमरमा आना होगा और ग्रामीणों की समस्याओं का समाधान करना होगा।

## खबर संक्षेप

### टीबी जागरूकता एवं स्क्रीनिंग शिविर का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** शासकीय कमला नेहरू कन्या महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ.निधि ठाकुर की अध्यक्षता में गृह विज्ञान विभाग द्वारा टीबी जागरूकता एवं स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य शिविर जिला अस्पताल बुढ़ी बालाघाट के डॉ.प्रियव्रत सोनेकर, जिला क्षय रोग अधिकारी, डॉ.हेमंत मोहर मेडिकल आफिसर द्वारा मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से शिविर का शुभारंभ किया गया। शिविर के प्रारंभ में डॉ.वर्षा रॉय, स्टेट टीबी ऑफिसर (एनएचएम भोपाल) ने ऑनलाईन जुड़कर छात्राओं को टीबी जागरूकता से संबंधित जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात डॉ.प्रियव्रत सोनेकर एवं डॉ. हेमंत मोहर ने अपने प्रजेंटेशन के माध्यम से छात्राओं को टीबी के कारण, लक्षण एवं बचाव के तरीकों एवं शासन की योजनाओं से अवगत कराया। शिविर में बीएचएससी एवं बीए गृह विज्ञान की छात्राओं ने पोस्टर एवं फ्लैश कार्ड के द्वारा अन्य छात्राओं को जागरूक करने का कार्य किया।

### प्राकृतिक आपदा में मृतक के वारिस को सहायता राशि स्वीकृत

**बालाघाट।** अनुविभागीय राजस्व अधिकारी बालाघाट द्वारा प्राकृतिक आपदा में प्रभावित परिवार को आरबीसी 6/4 के अंतर्गत 4 लाख रुपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। तहसीलदार लामता द्वारा प्रतिवेदन में बताया गया कि 9 वर्षीय वंश पिता अकलेश पंचेश्वर की पानी मे डूबने से 20 फरवरी को मृत्यु हुई थी।

### प्राकृतिक आपदा में प्रभावित परिवारों को दी रेडक्रोस से आर्थिक सहायता

**बालाघाट।** कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा की अनुशंसा के आधार पर गुरुवार को अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे ने प्राकृतिक आपदा के तीन प्रभावित परिवारो को आर्थिक सहायता राशि प्रदान की है। ज्ञात हो कि 22 अप्रैल को लांजी और खैरलांजी में बिजली गिरने से हुई जनहानि हुई थी। गुरुवार को परिजनों को 20-20 हजार रुपये के चैक प्रदान लिए गए। अपर कलेक्टर श्री जीएस धुर्वे ने बताया लांजी के वारी गांव के 23 वर्षीय शिवलाल कसीब पांचे की पत्नी मितेश्वरी और 21 वर्षीय नीलेश कसीब पांचे के पिता कसीबलाल को तथा खैरलांजी के चिचोला गांव में 13 वर्षीय प्रियांशु के पिता श्री सुरेंद्र को 20-20 हजार रुपये की आर्थिक सहायता रेडक्रोस से स्वीकृत राशि प्रदान की गई है।

## कैडेट्स को दी गई सिकल सेल्स और थैलेसीमिया की जानकारी

**बालाघाट।** पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय भरवेली में 16 अप्रैल 2024 को सिकल सेल और थैलेसीमिया जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत एक व्याख्यान का आयोजन किया गया था। जिसमें एनसीसी के कैडेट्स सम्मिलित हुए थे। व्याख्यान के लिए विशेष अतिथि के रूप में डॉक्टर प्रमोद बिसेन मेडिकल ऑफिसर जिला अर्ली इंटरवेंशन सेंटर बालाघाट कैडेट्स को सिकल सेल्स और थैलेसीमिया के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम में डॉ. बिसेन ने कैडेट्स को सिकल सेल्स के कारण, रोकथाम एवं बचाव के उपाय बताएं। साथ ही कैडेट्स से इन बीमारियों के बारे में जागरूकता फैलाने की अपील भी की गई। इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य श्री पीके जैन, मेडिकल ऑफिसर डॉ. सुनीता रहांगडाले, जिला अर्ली इंटरवेंशन सेंटर बालाघाट डॉ. दिव्या रंगलानी, एनसीसी अधिकारी श्री श्रावण बोदेले और स्टाफ नर्स श्रीमती स्वाति पारधी विशेष रूप से उपस्थित थे।

## सर्विस वोटर्स के वोट डाक मत पत्र के स्ट्रांग रूम में रखे गए

**बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा और राजनीतिक दलों की उपस्थिति में बुधवार को डाक मत पत्र का स्ट्रांग रूम खोला गया। ज्ञात हो कि जिले के नियमित रूप से सर्विस वोटर्स के मत लिफाफे प्राप्त हो रहे है। प्राप्त लिफाफे आयोग के निर्देशानुसार स्ट्रांग रूम में रखें जा रहें है। सहायक नोडल अधिकारी पीबी श्री गजेंद्र कठाने ने बताया कि बुधवार को 32 इटीपीबीएस प्राप्त हुए है जबकि अब तक कुल 471 इटीपीबीएस पोस्टल बैलेट प्राप्त हुए है। जिन्हें स्ट्रांग रूम



में रखें गए। इस दौरान डाक मत पत्र स्ट्रांग रूम नोडल अधिकारी श्री राहुल नायक, सहायक नोडल अधिकारी श्री गजेंद्र कठाने तथा राजनितिक पार्टी से भाजपा के संजय अग्निहोत्री, कांग्रेस के जयदीप सिंह गहरवार, श्री शौर्य सिंह सरसवार, निर्दलीय वैभव मर्सकोले, पोस्टमेन राजेश उइके व अन्य उपस्थित रहे।

## 10वीं में कु.अश्मी और 12वीं में ओम ठाकरे रहे अव्वल

**बालाघाट।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल द्वारा आयोजित कक्षा 10वीं एवं 12वीं बोर्ड परीक्षा 2024 का परीक्षा परिणाम बुधवार को घोषित किया गया है। जिसमें जिले के सभी विकासखंडो का परिणाम सराहनीय रहा है। वहीं सीएम राईज टिहलीबाई शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय वारासिवनी के उप प्राचार्य श्री हुमराज पटले द्वारा बताया गया कि इस वर्ष का परीक्षा परिणाम विगत वर्ष के परीक्षा परिणाम से बेहतर रहा।

## कर्मचारी के फ्रेक्चर का परीक्षण किया जाएगा

## मतदान केंद्र के पीठासीन को किया निलम्बित, सहायक ग्रेड-3 का निलम्बन आदेश निरस्त

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** कलेक्टर व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने मतदान केंद्र में लापरवाही बरतने वाले पीठासीन अधिकारी को निलंबित किया है। कटंगी विधानसभा के मतदान केंद्र क्रमांक-153 प्राथमिक शाला भवन जाम-1 में मतदान दिवस पर इसी केंद्र के बीयू व वीवीपेट तथा मतदान की गोपनीयता भंग होने के मामलें की एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इस मामलें में कटंगी एआरओ के प्रतिवेदन के आधार पर कलेक्टर व डीईओ डॉ. मिश्रा ने बूथ के पीठासीन अधिकारी श्री वेनेश्वर बिसेन को मप्र सिविल(वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील) नियम-1996 के नियम 9 के उपनियम (1) (क) के अंतर्गत तथा लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 134 के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। निलंबन अवधि में श्री बिसेन का मुख्यालय जनपद सीईओ बालाघाट निर्धारित किया गया है।

इसके अलावा कलेक्टर व डीईओ डॉ. मिश्रा ने लोक निर्माण विभाग के सहायक ग्रेड-3 शंकर सेवईवार का निलम्बन का आदेश निरस्त किया है। ज्ञात हो कि श्री सेवईवार को 22 अप्रैल को जारी एक आदेश के तहत निलम्बित किया गया था। जानकारी के अनुसार उनका निधन 22 अप्रैल को रात्रि 8 बजे हुआ था। विभाग से इस सम्बंध में सूचना मिलने के उपरांत निलम्बन आदेश कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा किया गया।

शाउमावि कनकी के शिक्षक रमेश धुर्वे को 5 अप्रैल को लोकसभा निर्वाचन में लापरवाही करने पर कारण बताओ सूचना पत्र जारी किया गया था। उनके द्वारा दिये गए प्रतिउत्तर में स्वयं के द्वारा कॉलर बोन व पसली में फ्रेक्चर होने के सम्बंध में अवगत कराया गया। इस सम्बंध में कलेक्टर डॉ.मिश्रा ने सीएमएचओ को पत्र जारी कर निर्देशित किया है कि कर्मचारी के फ्रेक्चर का परीक्षण कर प्रमाण पत्र 3 दिवस में प्रस्तुत करने को कहा है।

## शासकीय महाविद्यालय कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

**बालाघाट।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री दिनेश चन्द्र थपलियाल के कुशल मार्गदर्शन में सोमवार को शासकीय महाविद्यालय कन्या छात्रावास में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में उपस्थित श्री सुरेन्द्र सिंह गुर्जर, जिला न्यायाधीश व सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा मध्यस्थता योजना के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि मध्यस्थता विवादों को निपटाने की सरल एवं निष्पक्ष प्रक्रिया है। उन्होंने मध्यस्थता के लाभों के बारे में बताते हुए कहा कि मध्यस्थता की प्रक्रिया पूर्णतः गोपनीय होती है। श्री गुर्जर ने सायबर स्टॉकिंग के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि इससे सबसे अधिक पीड़ति महिला एवं बच्चें होते है। सायबर स्टॉकिंग का अपराध करने पर भारतीय दण्ड संहिता की धारा 354डी एवं प्रौद्योगिक अधिनियम के अंतर्गत दण्डनीय अपराध है। शिविर में उपस्थित जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री जीतेंद्र मोहन धुर्वे ने कहा कि तकनीकी विकास ने आधुनिक जीवन शैली को बदल दिया है। समय के साथ इंटरनेट का प्रयोग आम जीवन में बढ़ता जा रहा है। हमारी छोटी सी चूक सायबर अपराधियों के लिए डेटा चोरी के द्वार खोल सकती है।

## जेएसटी महाविद्यालय ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय सूचना और संचार प्रौद्योगिकी दिवस



**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**

शासकीय स्नातकोत्तर जेएसटी महाविद्यालय द्वारा गुरुवार को प्राचार्य डॉ. पीआर चंदेलकर के मार्गदर्शन में अंतर्राष्ट्रीय सूचना और संचार प्रौद्योगिकी दिवस मनाया गया। इस दिवस को मनाने का मुख्य उद्देश्य समस्त लड़कियों एवं महिलाओं को सूचना और संचार प्रौद्योगिकी में अपना करियर बनाने के लिए प्रोत्साहित करना हैं। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय की छात्राओं को आईसीटी के बारे में अवगत कराया गया। साथ ही आईसीटी में अपना करियर बनाने के लिये भी प्रोत्साहित किया गया। आईसीटी दिवस प्रतिवर्ष अप्रैल माह में हर चौथे गुरुवार को मनाए जाने वाला एक विशेष दिवस है। इस वर्ष यह दिवस 25 अप्रैल को मनाया गया जिसकी थीम जीवन के लिए डिजिटल कौशल विषय पर केंद्रित है। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्रो. सविता गेडाम प्रो. सुजाता साल्वे] प्रो. तृप्ति सोनी] डॉ. संगीता राजपूत एवं छात्राओं की उपस्थिति रही।

## वारासिवनी रोड पर हुआ हादसा, आरोपी ट्रक चालक की तलाश में जुटी पुलिस

## ट्रक की चपेट में आने से युवक की मौत

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



बालाघाट जिले के लालबर्रा थाना क्षेत्र में बुधवार शाम ट्रक ने बेकाबू होकर सड़क से जा रहे युवक को टक्कर मार दी। घटना वारासिवनी रोड पर शाम करीब 5 बजे हुई, जिसमें युवक की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को पीएम के लिए लालबर्रा अस्पताल भेजा।

जानकारी के अनुसार शाम करीब 5 बजे पलाकामथी निवासी अशोक पिता राजाराम रजक लालबर्रा के साप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीद कर घर लौट रहा था। इस दौरान ही वारासिवनी और वारासिवनी रोड को जोड़ने वाले पुल के पास ट्रक (एचआर 39 डी 2566) के चालक ने लापरवाही से वाहन वाहन चलाते हुए सड़क से जा रहे अशोक को टक्कर मार दी।

जिससे उसकी घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन को छोड़कर फरार हो गया। घटना की जानकारी मिलते ही लालबर्रा पुलिस ने मौके पर पहुंचकर सड़क पर पड़े शव और को एम्बुलेंस के माध्यम से पीएम के लिए लालबर्रा अस्पताल भिजवाया।

स्थानीय लोगों ने बताया कि युवक अशोक रजक, ट्रेक्टर चालक था, उसकी पत्नी और दो बेटी है। मामले में लालबर्रा पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया है, वहीं मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है।

### ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण हुआ प्रारंभ

**बालाघाट।** प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला खेल एवं युवा कल्याण अधिकारी श्री के चौरसिया से प्राप्त जानकारी अनुसार ग्रीष्मकालीन अवकाश का सदुपयोग करते हुये ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र में निवासरत बालक, बालिकाओं के लिये खेल प्रशिक्षण के लिये 25 अप्रैल से 15 जून 2024 तक की अवधि में 30 दिवसीय ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत श्री चौरसियॉ ने सभी खेल प्रशिक्षक तथा समस्त विकासखण्डो के युवा समन्वयको की बैठक आयोजित कर उन्हे अपने विकासखण्डो के चिन्हित मैदानों में खेल प्रशिक्षण शिविर लगाने के निर्देश दिये हैं।

## अधिक न्यायसंगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना थीम पर मनाया विश्व मलेरिया दिवस

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस कार्यक्रम का आयोजन स्वास्थ्य विभाग एवं एंबेड परियोजना कार्यकर्ताओं के द्वारा सम्मिलित रूप से किया गया। जिला स्वास्थ्य समिति बालाघाट, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मनोज पांडे तथा जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. मनीष जुनेजा के निर्देशन में जिले में फैमिली हेल्थ इंडिया द्वारा गोदरेज के सहयोग से एंबेड परियोजना का क्रियान्वयन जिला समन्वयक कंचन सिंह तथा कार्यक्रम सहयोगी महेश डहाते द्वारा मलेरिया उन्मूलन हेतु किया जा रहा है। अधिक न्यायसंगत दुनिया के लिए मलेरिया के खिलाफ लड़ाई में तेजी लाना थीम पर इस वर्ष यह दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम का आयोजन ब्लॉक स्तर पर किया गया। आयोजन के दौरान विभिन्न गतिविधियों आयोजित की गई जिसमें अंतर्विभागीय समन्वय बैठक, नारे लेखन, कार्यशाला, जागरूकता रैली सांप सीढी का खेल, शपथ ग्रहण इत्यादि शामिल रहें। इन गतिविधियों का उद्देश्य समुदाय में मच्छर जनित बीमारियों के विषय में जागरूकता लाना है। कार्यक्रम के दौरान समुदाय में यह संदेश दिया जा रहा है कि लोग अपने-अपने घरों के आसपास कहीं पर भी पानी जमा न होने दें इससे मच्छरों की पैदाइश रोकी जा सकती है। सभी लोग सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें, सुबह शाम नीम की पत्ती के साथ कंडे का धुआं या कोई एक मच्छर रोधी उत्पादक का उपयोग करें ताकि घरों में छुपे मच्छरों से सुरक्षा की जा सके, घर में किसी भी सदस्य को बुखार होने पर सबसे पहले खून की जांच कराएं, जांच में यदि मलेरिया पाया जाता है तो उपचार की दवा आशा कार्यकर्ता या उप स्वास्थ्य केंद्र या सरकारी अस्पताल से ही दवा प्राप्त करें एवं पूरी दवा का उपयोग करें दवा खाना बीच में बंद ना करें।



कार्यक्रम के आयोजन में स्वास्थ्य विभाग से जिला मलेरिया अधिकारी, खंड चिकित्सा अधिकारी खंड बिरसा एवं बैहर,मलेरिया निरीक्षक, मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर एवं एंबेड परियोजना बालाघाट से जिला समन्वयक ,प्रोग्राम एसोसिएट एवं बीसीसीएफ के उत्साही सहयोग से आयोजित किया गया।

## गैस एजेंसी में ई-केवायसी नहीं कराया तो नहीं मिलेगा गैस सिलेंडर, गैस एजेंसी ने उपभोक्ताओं से ई-केवायसी कराने जारी की अपील

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।**



गैस उपभोक्ताओ ने यदि ई-केवायसी नहीं कराया तो गैस सिलेंडर नहीं मिलेगा। जिसके चलते गैस एजेंसी ने उपभोक्ताओं ने अपील जारी की है कि वह जल्द से जल्द बायामेट्रिक ई-केवायसी करवा ले।

सुपीरियर गैस सेल्स सर्विस की संचालिका शारदा जैन ने जारी बयान में कहा कि कंपनी के नियमानुसार उपभोक्ता अपने गैस कनेक्शन का बायोमेट्रिक ई-केवायसी अनिवार्य रूप से करा ले। साथ ही सुरक्षा की दृष्टि से सेफ्टी निरीक्षण भी अनिवार्य रूप से कराए। उन्होंने बताया कि रसाई गैस में रखे गए गैस कनेक्शन का निरीक्षण कराया जाना अनिवार्य है। ताकि मैकेनिक निरीक्षण कर सकेंगे की गैस कनेक्शन का सही और सुरक्षित रूप से उपयोग किया जा रहा है अथवा नहीं। उन्होंने कहा कि मैकेनिकों द्वारा ग्राहकों की सुरक्षा को देखते हुए अनिवार्य और आवश्यक है।

उन्होंने कहा कि यदि उपभोक्ता ई-केवायसी और गैस कनेक्शन का सही एवं सुरक्षित रूप से निरीक्षण नहीं कराते है तो इसका सीधा असर गैस सिलेंडर की आपूर्ति पर होगा। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह अपना ई-केवायसी और गैस कनेक्शन का निरीक्षण करवा लें, ताकि भविष्य में उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना ना करना पड़े।